विज्ञापन

Atal Tunnel: अटल टनल का नाम गिनीज बुक में, 10 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई पर 9 किमी लंबी है सुरंग

Atal Tunnel News: अटल टनल रोहतांग का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है.

World's Longest Traffic Tunnel in Guinness Book 3 अक्टूबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

अधिक पढ़ें ...

NEWS18 HIMACHAL PRADESH

LAST UPDATED : FEBRUARY 10, 2022, 13:18 IST

WRITTEN BY
Vinod Kumar Katwal

Atal Tunnel in Guinness World Records: हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के मनाली और लाहौल स्पीति को जोड़ने वाली अटल टनल रोहतांग का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है. समुद्र तल से 10,044 फीट की ऊंचाई पर गुजरने वाली अटल टनल को **गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड** ने दुनिया की सबसे लंबी यातायात टनल का सम्मान दिया है. टनल की लंबाई 9.02 किलोमीटर है. सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया है. बता दें कि इस टनल को भारतीय और ऑस्ट्रिया कंपनी स्ट्रॉबेग और एफकॉन ने बनाया है.

जानकारी के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री **अटल बिहारी वाजपेयी** ने साल 2002 में लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में टनल निर्माण की घोषणा की थी. उस दौरान टनल की लागत 1500 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन पूरी तरह बनने के बाद निर्माण पर 3600 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं. अटल टनल बनने के बाद मनाली से लेह की दूरी करीब 45 किमी कम हुई है और अब लेह जाने के लिए **रोहतांग पास** नहीं जाना पड़ता है. अब लेह के लिए पांच घंटे कम लगते हैं. साथ ही सर्दियों में लाहौल स्पीति जिला भी देश-दुनिया से जुड़ा रहता है.

विज्ञापन

संबंधित खबरें

COVID-19: हिमाचल में छोटे बच्चों के लिए खुलेंगे स्कूल, शिक्षा विभाग तैयार

शिमलाः दो फेज में बनेगा कैथलीघाट से ढली जंक्शन फोरलेन, ₹3755 करोड़ होंगे खर्च

BJP विधायक का कौल सिंह पर हमला, बल्ह एयरपोर्ट कोई खेल मैदान नहीं, समय लगेगा

फोटो

IPL 2022: मेगा ऑक्शन से पहले जानिए- किस टीम ने कितना खर्च किया, कितना बचा है पर्स?



Gehraiyaan के प्रमोशन में काफी हैंडसम नजर आ रहे हैं सिद्धांत चतुर्वेदी, आप भी अपना सकते हैं ये कूल लुक्स

Promise Day 2022 Shayari: 'वफ़ा करेंगे निबाहेंगे बात मानेंगे...' प्रॉमिस डे पर पढ़ें 'वादे' पर लिखे शेर

और देखें

राशिभविष्य

मेष | वृषभ | मिथुन

प्रश्न पूछ सकते हैं या अपनी कुंडली बनवा सकते हैं।

और भी पढ़ें ›

विज्ञापन

Facebook पर रोहतक के युवक की फ्रेंडशिप दो बच्चों की मां के लिए बनी जानलेवा



3 अक्तूबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल टनल रोहतांग का उद्घाटन किया था.

PM मोदी ने किया था उद्घाटन

3 अक्तूबर 2020 को **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने अटल टनल रोहतांग का उद्घाटन किया था. इसके बाद से अटल टनल देशभर के पर्यटकों के लिए पहली पसंद बनी है. अब मनाली जाने वाला हर टूरिस्ट इसके दीदार के लिए जाता है. मनाली से अटल टनल की दूरी करीब 30 किमी है. यह दुनिया की पहली टनल है, जिसमें 4जी कनेक्टिविटी है. टनल में हर 500 मीटर पर आपातकाल सुरंग है, जो टनल के दोनों छोरों पर निकलती है. हर 60 मीटर पर सीसीटीवी लगाए गए हैं. दोनों छोरों पर कंट्रोल रूम है. से अटल टनल की दूरी करीब 30 किमी है.

मनाली से अटल टनल की दूरी करीब 30 किमी है.

15 महीने में 17 लाख पर्यटक पहुंचे

आधुनिक तकनीक से बनी **अटल टनल** देखने के लिए 15 माह में करीब 17 लाख पर्यटक पहुंचे हैं. 2021 में साल के आखिरी माह दिसंबर में रिकॉर्ड करीब तीन लाख पर्यटक मनाली पहुंचे. अक्तूबर 2020 से दिसंबर 2021 तक पौने 18.74 लाख से अधिक पर्यटक मनाली पहुंचे. दिसंबर में रिकॉर्ड करीब तीन लाख पर्यटक पहुंचे, जबकि मई 2021 में सबसे कम 15971 पर्यटकों की मनाली में एंट्री हुई है. इसलिए कहा जा सकता है अटल टनल टूरिस्ट की पहली पसंद है.

टॉप स्टोरीज



IPL: मेगा ऑक्शन से पहले जानिए- किस टीम ने कितना खर्च किया, कितना बचा है पर्स?

एक जीत और टीम इंडिया रच देगी इतिहास, पहली बार होगा विंडीज का सफाया

PM कहते हैं-UP के आम गरीब परिवार 'लखपति' हो रहे हैं, ऐसा कहने का आधार क्या है?

बलिया से विधायक सुरेंद्र सिंह ने थामा VIP पार्टी का दामन, BJP को देंगे चुनौती!

अब तक IPO बाजार रहा है गुलज़ार, आगे की क्या हैं सभावनाएं? देखिए IPOs की लिस्ट

अधिक पढ़ें

You Might Also Like

1/2 BHK Starts @ ₹34 Lacs* at Sunteck OneWorld Naigaon.
sunteckoneworld.com

2,3 & 4 Bed deck residences at Runwal Upper Crest , Wadala
Runwal Timeless

My Income Isn't enough to fund her cancer treatment, Help
Ketto

Recommended by

PROMOTED CONTENT By

Launching Sunteck OneWorld in Naigaon. 1/2 BHK Starts @ ₹34 Lacs
Learn More
sunteckoneworld.com

Demand for Data Scientists is rising. Join the UGC approved M.Tech. Data…
Learn More

आपके शहर से

हिमाचल प्रदेश

शिमला